KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

**प्रश्न:- संविधान के प्रावधानों के विभिन्न स्त्रोंत की चर्चा करें।**

## BPSC - Mentorship — Polity MCQ - 31

**1.** भारतीय संविधान सभा का गठन किया गया था ?
(A) भारत सरकार अधिनियम, 1935 के अंतर्गत
(B) क्रिप्स योजना, 1942 के अंतर्गत
(C) कैबिनेट मिशन योजना, 1946 के अंतर्गत
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** एक निर्वाचित संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान का निर्माण करने का प्रस्ताव किया गया था-
(A) साइमन कमीशन द्वारा
(B) भारत सरकार अधिनियम, 1955 द्वारा
(C) क्रिप्स मिशन द्वारा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** भारत के लिए संविधान की रचना हेतु संविधान विचार निम्नलिखित में से सर्वप्रथम किसने प्रस्तुत किया था ?
(A) स्वराज पार्टी ने 1934 में
(B) काँग्रेस पार्टी ने 1936 में
(C) मुस्लिम लीग ने 1942 में
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**4.** संविधान सभा की प्रथम बैठक की अध्यक्षता किसने की थी ?
(A) डॉ० राजेंद्र प्रसाद
(B) सच्चिदानंद सिन्हा
(C) बल्लभ भाई पटेल
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** भारत के संविधान का प्रारूप तैयार करने वाली संविधान सभा के सदस्यों को-
(A) ब्रिटिश संसद द्वारा नामित किया गया ।
(B) विभिन्न प्रांतों की विधानसभाओं द्वारा चुना गया ।
(C) गवर्नर जनरल द्वारा नामित किया गया।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**6.** निम्नलिखित में से कौन से कथन संविधान सभा के विषय में सत्य नहीं है?
1. वह व्यस्क मताधिकार पर आधारित नहीं थी ।
2. वह प्रत्यक्ष निर्वाचन का परिणाम थी ।
3. वह बहुदलीय निकाय थी ।
4. उसने अनेक समितियों कई माध्यम से कार्य किया
(A) 1 और 2 (B) 2 और 3
(C) 1 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**7.** भारत को एक संविधान देने का प्रस्ताव संविधान सभा द्वारा पारित किया गया ।
(A) 22 जनवरी, 1946 (B) 20 फरवरी, 1947
(C) 22 जनवरी, 1947
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** भारतीय संविधान के निर्माण के समय संविधानिक सलाहकार कौन थे?
(A) डॉ० बी. आर. अम्बेडकर (B) डॉ० राजेंद्र प्रसाद
(C) बी. एन. राव (D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9.** किसने कहा था "संविधान सभा काँग्रेस थी और कॉग्रेस भारत था''?
(A) ऑस्टिन (B) सी. आर. एटली
(C) लॉर्ड माउंटबेटन (D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** संविधान पांडुलेखन समिति का निम्न में से कौन सदस्य नहीं था ?
(A) मो० सादुल्लाह (B) जवाहर लाल नेहरू
(C) ए. के. (D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित किजिए तथा नीचे दिए गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए-

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | संचालन समिति संघ | (I) | सरदार बल्लभ भाई पटेल शक्ति समिति |
| (b) | संघ शक्ति समिति | (II) | डॉ० भीमराव अम्बेडकर |
| (c) | प्रारूप समिति | (III) | जवाहर लाल नेहरू |
| (d) | प्रांतीय संविधान समिति | (IV) | डॉ० राजेन्द्र प्रसाद |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | IV | III | II | I |
| (C) | IV | III | I | II |
| (D) | I | II | IV | III |

**12.** भारत के संविधान के अधीन निम्न कथनों में से कौन सा/से सही है?
1. संविधान सर्वोच्च है ।
2. संघ तथा राज्य सरकारों के बीच शक्तियों का स्पष्ट विभाजन है।
3. संविधान के संशोधन के लिए विहित प्रक्रिया का अनुसरण करना होता है ।
4. संघ की संसद तथा राज्य विधान सभाएँ संप्रभु है । नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(A) 1, 2, 3 (B) 2 और 4
(C) 3 और 4 (D) 1, 2 और 4

**13.** भारतीय संविधान पर सबसे अधिक प्रभाव किसका पड़ा ?
(A) भारत सरकार अधिनियम, 1935 का
(B) ब्रिटेन के संविधान का
(C) संयुक्त राज्य अमेरीका के संविधान का
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** डॉ० बी. आर. अम्बेडकर की अध्यक्षता में संविधान की प्रारूप समिति में कितने अन्य सदस्य थे ?
(A) 7 (B) 6
(C) 5
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित किजिए तथा नीचे दिए गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) मौलिक अधिकार | (I) संयुक्त गणराज्य (U.K) |
| (b) शासन की संसदीय प्रणाली | (II) सं. रा. अमेरिका |
| (c) आपात उपबंध | (III) आयरलैण्ड |
| (d) राज्य के नीति निदेशक तत्व | (IV) जर्मनी |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | II | I | IV | III |
| (C) | I | II | IV | III |
| (D) | III | IV | II | I |

**16.** भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों का विचार लिया गया है ?
(A) अमेरिकन संविधान से
(B) ब्रिटिश संविधान से
(C) पूर्व सोवियत संघ के संविधान से
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** भारतीय संसदीय प्रणाली ब्रिटिश संसदीय प्रणाली से इस बात में भिन्न है कि भारत में -
(A) वास्तविक और नाममात्र दोनों प्रकार की कार्यपालिका है।
(B) सामूहिक उत्तदायित्व की प्रणाली है?
(C) न्यायिक पुनर्विलोकन की प्रणाली है?
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** भारत के संविधान में भारत को माना गया है -
(A) एक अर्द्धसंघ (B) स्वतंत्र राज्यों का एक संघ
(C) राज्यों का एक यूनियन
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19.** भारतीय संविधान में कितनी सूचियाँ है ?
(A) 2 (B) 3
(C) 8 (D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है ?
(A) संयुक्त राज्य अमेरिका में सरकार की संघीय प्रणाली है ।
(B) भारत में सरकार की संघीय और एकात्मक दोनो प्रकार की प्रणाली है ।
(C) फ्रांस मे सरकार की संघीय प्रणाली है ।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** भारतीय संविधान के निर्माताओं का मत निम्नलिखित में से किस में प्रतिबिंबित होता है?
(A) मूल अधिकार (B) मूल कर्तव्य
(C) उद्देशिका (D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** निम्न शब्दों पर विचार करें-
1. समाजवादी 2. प्रजातांत्रिक
3. संपूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न 4. धर्मनिरपेक्ष
सही शब्दों को विचारनुसार क्रम दीजिए।
(A) 3, 1, 4, 2 (B) 3, 4, 1, 2
(C) 3, 4, 2, 1 (D) 4, 1, 3, 2

**23.** राज्य में विधान परिषद को किसके द्वारा समाप्त किया जा सकता है।
(A) संसद
(B) राज्यपाल
(C) राज्य विधान परिषद
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** निम्नलिखित शब्दों में से कौन से शब्द 42वें संविधान संशोधन द्वारा प्रस्तावना में जोड़े गए ?
1. समाजवाद 2. ग्राम स्वराज
3. पंथनिरपेक्षता 4. संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) 1, 2, 3 (B) 1,2,4
(C) 1, 3 (D) 2, 3, 4

**25.** निम्नलिखित में से किसने भारतीय संविधान की प्रस्तावना को 'हमारे संप्रभु प्रजातांत्रिक गणतंत्र की जन्मकुंडली' कहा?
(A) जवाहरलाल नेहरू (B) महात्मा गांधी
(C) के.एम. मुंशी
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## ANSWER KEY

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. (C) | 02. (C) | 03. (A) | 04. (B) | 05. (B) |
| 06. (A) | 07. (C) | 08. (C) | 09. (A) | 10. (B) |
| 11. (B) | 12. (A) | 13. (A) | 14. (B) | 15. (B) |
| 16. (C) | 17. (C) | 18. (C) | 19. (B) | 20. (A) |
| 21. (C) | 22. (A) | 23. (A) | 24. (C) | 25. (C) |

# BPSC Mentorship
# Economics - MCQ (31)

**1.** निम्न में से कौन-सा एक मिश्रित अर्थव्यवस्था की विशेषता नहीं है ?
(A) सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र का सहअस्तित्व
(B) आर्थिक नियोजन
(C) सरकार की विनियामक के रूप में भूमिका
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** निम्नलिखित में कौन-सा एक हस्तांतरित आय नहीं है ?
(A) वृद्धावस्था पेंशन (B) बेरोजगारी भत्ता
(C) ब्रोकर्स कमीशन
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** वैश्विक शांति सूचकांक (Global Peace Index) निम्न में से किस संस्था द्वारा जारी किया जाता है ?
(A) संयुक्त राष्ट्र संघ (B) विश्व आर्थिक मंच
(C) इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**4.** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किस वर्ष भारत सरकार द्वारा मेगा फूड पार्क योजना की शुरूआत की गई ?
(A) 2006 (B) 2008
(C) 2010
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** निम्नलिखित में कौन-सा एक विकल्प सही सुमेलित नहीं है ?

| | पंचवर्षीय योजना | | कार्यक्रम |
|---|---|---|---|
| (A) | प्रथम योजना | : | सामुदायिक विकास |
| (B) | द्वितीय योजना | : | तीव्र औद्योगिकरण |
| (C) | तृतीय योजना | : | आधारभूत उद्योगों का प्रसार |
| (D) | चतुर्थ योजना | : | न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम |

**6.** किसी अर्थव्यवस्था में निम्नलिखित में से किस एक माप से गिनी गुणांक अथवा गिनी अनुपात को संबंधित किया जा सकता है ?
(A) मुद्रास्फीति की दर (B) वैयक्तिक आय
(C) आय विषमता
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**7.** सौभाग्य योजना, जो भारत की एक योजना है, का संबंध किस क्षेत्र से है ?
(A) घरेलू विद्युतीकरण से
(B) LPG स्टोव घरेलू महिलाओं को प्रदान करने से
(C) मादा भ्रूण हत्या को रोकने से
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** कुशल एवं अकुशल श्रमिक को बिना काम किए ही रहना पड़े, तो उसे क्या कहते हैं ?
(A) संरचनात्मक बेरोजगारी (B) खुली बेरोजगारी
(C) शिक्षित बेरोजगारी
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9.** असंगठित क्षेत्रों के कामगारों को विशेष संरक्षण व संगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए विद्यमान कानून को युक्ति संगत बनाने हेतु द्वितीय श्रम आयोग का गठन कब किया गया ?
(A) 1997 (B) 2002
(C) 1999
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. हरित क्रान्ति के परिणाम स्वरूप गेहूँ के उत्पादन में सर्वाधिक वृद्धि हुई।
2. उत्तर प्रदेश सर्वाधिक गेहूँ उत्पादन करने वाला राज्य है।
3. गेहूँ कि प्रति हेक्टेयर उत्पादकता के मामले में पंजाब का स्थान प्रथम है।
4. बिहार में सर्वाधिक क्षेत्र में गेहूँ बोया जाता है।
एम निम्नलिखित कूट के आधार पर सही विकल्प का चयन करें-
(A) 1 और 2 (B) 1, 2 और 3
(C) 1, 2 और 4 (D) उपर्युक्त सभी

**11.** अर्थव्यवस्था में मंदी का मूल कारण क्या है ?
(A) माँग का अभाव (B) मुद्रास्फीति की उच्च दर
(C) मुद्रास्फीति की निम्न दर
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** अमेरिकी डॉलर, ब्रिटिश पौंड, यूरोपीय संघ का यूरो को निम्न में से किस मुद्रा-श्रेणी में रखा जा सकता है ?
(A) गर्म मुद्रा (B) सुलभ मुद्रा
(C) दुर्लभ मुद्रा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13.** भारतीय साधारण बीमा निगम (GIC ) को किस वर्ष भारत सरकार ने पुनबीमाकर्त्ता के रूप में अधिसूचित किया गया ?
(A) 1998 (B) 1999
(C) 2000
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. सेंसेक्स (Sensex) बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का संवेदी सूचकांक है जो सूचीबद्ध 50 कंपनियों के शेयरों के समग्र मूल्य में होने वाले उतार-चढ़ाव के रूप में देखा जाता है।

2. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध 30 सबसे बड़ी कम्पनी के आधार पर निफ्टी सूचकांक जारी किया जाता है।

उपर्युक्त में कौन - सा /से कथन सही हैं ?

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 तथा 2 दोनों (D) न तो 1 न ही 2

**15.** राउंड ट्रिपिंग का संबंध है-
(A) शेयर बाजार में शेयरों के मूल्य में अप्रत्याशित गिरावट
(B) कालेधन को वैध बनाने से
(C) जोखिम प्रबंधन रणनीति
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16.** भारत में आर्थिक सर्वेक्षण किसके द्वारा प्रकाशीत किया जाता है।
(A) वित्तमंत्रालय (B) संसद
(C) नीति आयोग
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** सेवा कर (Service Tax) के संबंध में निम्न में कौन-सा एक सही है ?
(A) सेवा कर एक अप्रत्यक्ष कर है।
(B) राजा जे. चेलिया समिति की सिफारिश के आधार पर इस कर को भारत में लगाया गया।
(C) सर्वप्रथम वित्त वर्ष 1994-95 में सेवा कर लगाया गया।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** निम्नलिखित में से भुगतान शेष के पूँजी खाते की मुख्य मदे कौन-सी हैं ?
(A) विदेशी निवेश (B) ऋण
(C) बैंकिंग पूँजी लेन-देन
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19.** निम्नलिखित में कौन-सी करेत्तर प्राप्ति (Non-tax Receipts) है-
(A) उपहार कर (B) बिक्री कर
(C) उपहार और अनुदान
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** भारत में करों का भुगतान करना, निम्न में से क्या है ?
(A) नैतिक दायित्व (B) कानूनी दायित्व
(C) मौलिक कर्त्तव्य
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सा व्यष्टि अर्थशास्त्र का अध्ययन है ?
(A) राष्ट्रीय आय
(B) वस्तु का कीमत निर्धारण
(C) भारत में कृषिश्रम की समस्या
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** निम्नलिखित में कौन-सा वक्र अर्थव्यवस्था के आर्थिक समस्या को दर्शाता है-
(A) माँग वक्र (B) उत्पादन वक्र
(C) उदासीनता वक्र
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23.** जब किसी वस्तु के उपभोग में निरंतर वृद्धि होती है, तो अतिरिक्त इकाइयों से प्राप्त उपयोगिता-
(A) गिरती है (B) बढ़ती है
(C) प्रारंभ में गिरती है, फिर बढ़ती है।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** एक वस्तु की कीमत में वृद्धि से दूसरे की माँग कम हो जाती है तथा एक की कीमत में कमी होने से दूसरे के माँग में वृद्धि हो जाती है, तो यह दोनों वस्तु होगा-
(A) प्रतिस्थापन वस्तु (B) पूरक वस्तु
(C) सम्पूरक वस्त
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**25.** माँग (Demand) शब्द का अर्थ है-
(A) किसी वस्तु या सेवा को खरीदने की इच्छा से
(B) किसी वस्तु या सेवा को खरीदने की इच्छा, जिसके लिए पर्याप्त क्रय शक्ति हो ।
(C) किसी वस्तु या सेवा को खरीदने की इच्छा, जिसके लिए पर्याप्त क्रय शक्ति है तथा खर्च करने की तत्परता है।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## ANSWER KEY

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. (E) | 02. (C) | 03. (C) | 04. (B) | 05. (D) |
| 06. (C) | 07. (A) | 08. (B) | 09. (C) | 10. (B) |
| 11. (A) | 12. (C) | 13. (C) | 14. (C) | 15. (B) |
| 16. (A) | 17. (D) | 18. (D) | 19. (C) | 20. (B) |
| 21. (B) | 22. (E) | 23. (A) | 24. (B) | 25. (C) |

KHAN GLOBAL STUDIES Kisan Cold Storage Campus, Musallahpur, Patna KHAN SIR

# BPSC Mentorship
# Current Affairs - MCQ (31)

1. निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) द्वारा लॉन्च किया गया एमाई / एमएल आधारित चौटबॉट है?
(a) आधार मित्र (b) आधार सेवा
(c) आधार सारथी (d) आधार सेवक

2. मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. यह योजना वर्ष 2015 में लॉन्च की गयी थी ।
2. भारत इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 19 फरवरी को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिवस मनाता है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

3. फरवरी 2023 में प्रधानमंत्री ने निम्नलिखित में से किसे 'नीति आयोग' का नया 'CEO' नियुक्त किया था?
(a) बी. वी. आर. सुब्रमण्यम
(b) परमेश्वरन अय्यर
(c) सुमन बेरी
(d) राजीव कुमार

4. हाल ही में चर्चा में रहे 'जादुई पिटारा' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. यह 3 से 8 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए खेल- आधारित शिक्षण सामग्री है।
2. वर्तमान में यह 13 विभिन्न भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

5. निम्नलिखित में से किस फिल्म को 'दादासाहेब अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2023' में 'इंटरनेशनल फिल्म ऑफ द ईयर का पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था?
(a) द कश्मीर फाइल्स (b) RRR
(c) गंगूबाई काठियावाडी (d) ब्रह्मास्त्र

6. हाल ही में चर्चा में रही 'न्यू स्टार्ट' सन्धि किन दो देशों के मध्य 'सामरिक तख न्यूनीकरण संधि' है?
(a) रूस एवं युक्रेन
(b) रूस एवं संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) संयुक्त राज्य अमेरिका एवं चीन
(d) उत्तर कोरिया एवं दक्षिण कोरिया

7. 'विधि आयोग' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. यह आयोग सरकार द्वारा गठित एक सांविधिक निकाय है।
2. 22वें शविधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति 'ऋतुराज अवस्थी' हैं। उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों? (d) न तो 1, न ही 2

8. हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने किस स्थान पर विश्व के सबसे बड़े और अनोखे दिव्यांग पार्क अनुभूति समावेशी पार्क की आधारशिला रखी थी?
(a) नागपुर (b) इंदौर
(c) सूरत (d) गांधीनगर

9. हाल ही में सम्पन्न 7वें एशिया आर्थिक संवाद के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. यह संवाद विदेश मंत्रालय का प्रमुख वार्षिक आयोजन है।
2. इसे 'नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

10. हाल ही में 'भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद' ने किस फसल की एचडी-3385 नामक एक नई किस्म विकसित की है जो कि 'अगती बुवाई' के लिए अनुकूल है ?
(a) धान (b) आलू
(c) गन्ना (d) गेहूं

11. फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका के तट पर हिंद महासागर में सम्पन्न संयुक्त नौसैनिक अभ्यास 'मोसी-2' (Mosi-2) में निम्नलिखित में से कौन सा देश सम्मिलित नहीं था?
(a) दक्षिण अफ्रीका (b) भारत
(c) रूस (d) चीन

12. हाल ही में सम्पन्न 76वें 'बाफ्टा पुरस्कार में निम्नलिखित में से किसे सर्वश्रेष्ठ अग्रणी अभिनेता चुना गया है?
(a) डैनियल रोहर (b) शौनक सेन
(c) ऑस्टिन बटलर (d) रिचर्ड ई ग्रांट

13. फरवरी 2023 में किस देश की वित्तमंत्री 'जेनेट एल येलेन' ने बंगलूरू में वित्तमंत्री शनिर्मला सीतारामन' से भेंट की थी?
(a) ऑस्ट्रेलिया (b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) ब्रिटेन (d) जर्मनी

14. फरवरी 2023 में निम्नलिखित में से किस भारतीय अभिनेता को 'यूनिसेफ' द्वारा नेशनल एम्बेसडर के रूप में नामित किया था?
(a) वीर दास (b) राजकुमार राव
(C) आयुष्मान खुराना (d) फरहान अख्तर

15. निम्नलिखित में से किस भारतीय मूल के फोटोग्राफर ने नेशनल जियोग्राफिक की फोटो ऑफ द ईयर प्रतियोगिता 2023 में शीर्ष स्थान हासिल किया है।
(a) विनय मोहन (b) रिकी रेज
(c) शौनक सेन (d) कार्तिक सुब्रमण्यम

16. हाल ही में कनक रेले का निधन हो गया जिन्हें शास्त्रीय नृत्य के प्रतिपादक के रूप में भी जाना जाता है।
(a) भरतनाट्यम (b) मोहिनीअट्टम
(c) कुचिपुड़ी (d) कथकली

17. 'मिशन कर्मयोगी' के सन्दर्भ निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित है।
2. इस योजना का मुख्य उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों की क्षमताओं का विकास करना है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

18. फरवरी 2023 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव 'एंतोनियो गुतारेस' ने भारतीय-कनाडाई को पोषण अभियान 'स्केलिंग अप न्यूट्रिशन मूवमेंट' का संयोजक नियुक्त किया है।
(a) शिवांगी सिंह (b) अफशां खान
(c) सुरेखा यादव (d) मेघना पंडित

19. हाल ही में निम्नलिखित में से किस खाड़ी देश ने 'न्यू मुरब्बा' नाम से एक 'हाईटेक सिटी' बनाने की घोषणा कि है?
(a) संयुक्त अरब अमीरात (b) कतर
(c) कुवैत (d) सऊदी अरब

20. फरवरी 2023 में निम्नलिखित में से किस स्थान पर 'ELECRAMA 2023' का आयोजन किया गया था?
(a) ग्रेटर नोएडा (b) भोपाल
(c) ग्वालियर (d) पुणे

21. फरवरी 2023 में निम्नलिखित में से किस देश की अंतरिक्ष एजेंसी ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद तीन अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने के लिए 'सोयूज' अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक रवाना किया था?
(a) संयुक्त राज्य अमेरिका (b) इजराइल
(c) फ्रांस (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

22. फरवरी 2023 में जी-20 के आधिकारिक कार्य समूह 'डब्ल्यू- 20' (महिला 20 ) पहली बैठक कहाँ आयोजित की गयी थी?
(a) गांधीनगर (b) गुवाहाटी
(c) औरंगाबाद (d) वाराणसी

23. हाल ही में चर्चा में रहा 'सिंथन टॉप' दर्रा स्थित है -
(a) जम्मू-कश्मीर में (b) उत्तराखण्ड में
(c) सिक्किम में (d) अरुणाचल प्रदेश में

24. आयुष मंत्रालय ने 27 से 28 फरवरी, 2023 तक किस राज्य के 'काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान' में आयुष के लिए 'चिंतन शिविर' आयोजित किया था?
(a) राजस्थान (b) मध्यप्रदेश
(c) कर्नाटक (d) असम

25. फरवरी 2023 में सम्पन्न 'महिला टी20 विश्व कप' में ICC द्वारा 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए चुनी गयी नौ खिलाड़ियों में एकमात्र भारतीय थी-
(a) राधा यादव (b) शेफाली वर्मा
(c) रिचा घोष (d) हरमनप्रीत कौर

## ANSWER KEY

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. (a) | 02. (c) | 03. (a) | 04. (c) | 05. (b) |
| 06. (b) | 07. (b) | 08. (a) | 09. (a) | 10. (d) |
| 11. (b) | 12. (c) | 13. (b) | 14. (C) | 15. (d) |
| 16. (b) | 17. (c) | 18. (b) | 19. (d) | 20. (a) |
| 21. (d) | 22. (c) | 23. (a) | 24. (d) | 25. (c) |

●●●

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC - Mentorship
## Current Affairs Capsule-31

## 21 फरवरी

***नीति आयोग के नवनियुक्त 'मुख्य कार्यकारी अधिकारी' (CEO)***

- हाल ही में पीएम मोदी ने 'बी. वी. आर. सुब्रमण्यम' को 'नीति आयोग' का नया CEO नियुक्त किया। पूर्व CEO 'परमेश्वरन अय्यर' को 'विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक' के रूप में नियुक्त किया गया है।
- 'नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया' (नीति आयोग) एक पब्लिक पॉलिसी थिंक टैंक है। इसने 2015 में योजना आयोग का स्थान लिया।
- इस परिषद में राज्य के सभी मुख्यमंत्री और संघ शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल शामिल हैं। उनके अलावा, अस्थायी सदस्य जैसे चार पदेन सदस्य, एक सीईओ और तीन अंशकालिक सदस्य होते हैं।
- CEO सहित सभी अस्थायी सदस्यों की नियुक्ति प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है।

***सांसद रत्न पुरस्कार 2023***

- 13 सांसदों को 13वें 'सांसद रत्न पुरस्कार' के लिए चुना गया है।
- लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के बिद्युत बरन महतो, डॉ. सुकन्ता मजूमदार, डॉ. हीना गावित, गोपाल शेट्टी और सुधीर गुप्ता तथा कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी और कुलदीप राज शर्मा तथा अन्य दलों के सदस्यों को सांसद रत्न पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया जायेगा।
- राज्य सभा से राष्ट्रीय जनता दल के डॉ. मनोज कुमार झा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के फौजिया खान और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के डाक्टर जॉन ब्रिट्टास सम्मानित किए जाने वाले सदस्यों में शामिल हैं।
- डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम आजीवन उपलब्धि पुरस्कार से, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व सांसद टी के रंगराजनश को सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा लोकसभा की वित्त समिति और राज्यसभा की परिवहन, पर्यटन और संस्कृति समिति को भी पुरस्कार के लिए चुना गया है।

## 22 फरवरी

***एशिया आर्थिक संवाद***

- 7वें शएशिया आर्थिक संवादश की शुरूआत पुणे में होगी। यह संवाद 25 फरवरी तक चलेगा।
- यह संवाद 'विदेश मंत्रालय' का प्रमुख वार्षिक आयोजन है जिसे पुणे इंटरनेशनल सेंटर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।
- इसकी प्रमुख थीम 'एशिया और उभरती विश्व व्यवस्था' है।

***रोडोडेंड्रन***

- हाल ही में भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण ने 'रोडोडेंड्रन ऑफ सिक्किम एंड दार्जिलिंग हिमालय- एन इलस्ट्रेटेड अकाउंट' शीर्षक से एक नई रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें रोडोडेंड्रन के 45 टैक्सा (जीव वैज्ञानिक वर्गीकरण) को सूचीबद्ध किया गया है।
- रोडोडेंड्रन फूलों के पौधों की प्रजाति है और इसमें लगभग 1,000 प्रजातियाँ शामिल हैं।
- यह सदाबहार या पर्णपाती झाड़ियाँ या छोटे पेड़ होते हैं, जिनका तना चौड़ा तथा पत्ते सख्त होते हैं।
- भारत में गुलाबी रोडोडेंड्रन हिमाचल प्रदेश का राज्य फूल है, जबकि रोडोडेंड्रन आर्वोरम नगालैंड का राज्य फूल और उत्तराखंड का आधिकारिक राज्य वृक्ष है।
- एस्ट्रोसैट ISRO ने वैज्ञानिकों और शोधकर्त्ताओं को समर्पित भारतीय खगोल विज्ञान मिशन, एस्ट्रोसैट से डेटा का विश्लेषण करने की अनुमति देने हेतु अवसर की घोषणा (AO) की है।
- एस्ट्रोसैट पहला समर्पित भारतीय खगोल विज्ञान मिशन है जिसका उद्देश्य एक्स-रे तथा यूवी वर्णक्रमीय बैंड में खगोलीय स्रोतों का एक साथ अध्ययन करना है।
- इसको वर्ष 2015 में लॉन्च किया गया था, इसने सितंबर 2022 में अपनी कक्षा में सात वर्ष पूरे किये हैं।

***एस्ट्रोसैट***

- ISRO ने वैज्ञानिकों और शोधकर्त्ताओं को समर्पित भारतीय खगोल विज्ञान मिशन, एस्ट्रोसैट से डेटा का विश्लेषण करने की है।

## 23 फरवरी

### *संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप और अकादमी पुरस्कार*

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में एक समारोह में वर्ष 2019 2020 और 2021 के लिए संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप और अकादमी पुरस्कार प्रदान किए।
- संगीत, नृत्य, रंगमंच, पारंपरिक, लोक और कठपुतली के क्षेत्र से कुल 128 कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।
- वाई जी महेंद्र को सर्वश्रेष्ठ अभिनय तथा मेकअप आर्टिस्ट 'रामकृष्ण' को थिएटर में मेकअप के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला।
- ओडिसी नृत्यांगना रवीन्द्र अतिबुद्धि और छाऊ नर्तक 'त्रिलोचन मोहंता' को वर्ष 2020 का पुरस्कार मिला।
- वर्ष 2021 के लिए, गायिका सुष्मिता दास को सुगम संगीत, बिजय कुमार जेना को नृत्य और मनोज पटनायक को रंगमंच निर्देशन के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार दिया गया।

### *76वें ब्रिटिश अकादमिक फिल्म पुरस्कार ( बाफ्टा पुरस्कार )*

- लंदन (इंग्लैंड) में रॉयल फेस्टिवल हॉल में, 76 वें ब्रिटिश अकादमी फिल्म पुरस्कार, जिन्हें बाफ्टा भी कहा जाता है, प्रस्तुत किए गए थे।
- इस पुरस्कार की मेजबानी अभिनेता रिचर्ड ई ग्रांट ने की।
- समारोह में एरिक मारिया रेमार्के द्वारा लिखे जर्मन युद्ध विरोधी नाटक ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट ने सात पुरस्कार जीते, जिसमें दो पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक शामिल थे।
- ऑस्टिन बटलर ने एल्विस के अपने चित्रण के लिए सर्वश्रेष्ठ अग्रणी अभिनेता का पुरस्कार जीता, और केट ब्लैंचेट ने अपने शानदार प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अग्रणी अभिनेत्री का पुरस्कार जीता।
- शौनक सेन की डॉक्यूमेंट्री 'ऑल दैट ब्रीस फ्रॉम इंडिया' को सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था, जो डैनियल रोहर की 'नवलनी' को मिला।

## 24 फरवरी

### *मिशन कर्मयोगी*

- कैबिनेट सचिव राजीव गौबा सरकारी कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी, सात सचिवों और अन्य की एक शीर्ष समिति की अध्यक्षता करेंगे।
- मिशन कर्मयोगी योजना 2 सितंबर 2020 को शुरू की गई थी। यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित है।
- मिशन कर्मयोगी योजना का मुख्य उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों की क्षमताओं का विकास करना है।

## 25 फरवरी

### *डिकिन्सोनिया जीवाश्म*

- डिकिन्सोनिया जीवाश्म, जिसके बारे में वैज्ञानिकों ने वर्ष 2021 में भारत के भीमबेटका रॉक शेल्टर में खुदाई करने का दावा किया था, के संबंध में सूचना गलत साबित हुई है।
- शोधकर्त्ताओं को इस स्थान की गहन जाँच करने पर पता चला कि डिकिन्सोनिया जीवाश्म वास्तव में एक चट्टान पर फैला मधुमक्खी का मोम था।
- डिकिन्सोनिया विलुप्त, कोमल शरीर वाले, समुद्री जीवों की एक प्रजाति है, जो लगभग 550 से 560 मिलियन वर्ष पूर्व 'एडियाकरन काल' के दौरान पाए जाते थे।

## 26 फरवरी

### *कोबरा वॉरियर युद्धाभ्यास*

- भारत से 145 वायु सैनिकों की एक टुकड़ी इंग्लैंड में होने वाले कोबरा वॉरियर युद्धाभ्यास में भाग लेने जामनगर से रवाना हो गई।
- यह अभ्यास 6 से 24 मार्च तक इंग्लैंड के वाडिंगटन वायुसेना अड्डे पर होगा।
- इस युद्धाभ्यास में फिनलैंड, स्वीडन, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और सिंगापुर की वायु सेनाएं इंग्लैंड और भारतीय वायु सेना के साथ भाग लेंगी।

### *मैड काऊ डिजीज*

- ब्राजील के उत्तरी राज्य, पारा में मैड काऊ डिजीज का मामला सामने आने के बाद से ब्राजील ने चीन को बीफ का निर्यात बंद कर दिया है।
- इसे बोवाइन स्पॉन्जिफॉर्म एन्सेफैलोपैथी (BSE) के नाम से भी जाना जाता है, यह एक प्रकार का अपक्षयी, संक्रामक, धीरे-धीरे विकसित होने वाला और घातक संक्रमण है जो वयस्क मवेशियों के केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है।
- BSE एक प्रोटीन के कारण होता है जिसे सामान्य रूप से प्रायन (Prion) कहा जाता है, यह कोशिका की सतहों पर पाया जाता है, जब सामान्य प्रियन प्रोटीन एक असामान्य प्रायन प्रोटीन में बदल जाता है जो हानिकारक होता है।